प्रवेश

बी.ए. प्रथम वर्ष में प्रवेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय की संयुक्त प्रवेश परीक्षा एन0टी0ए0 सी0यू0ई0टी0 2023 के माध्यम से प्रवेश परीक्षा की मेरिट तथा विश्वविद्यालय के नियमानुसार होगा। प्रवेश सम्बन्धी नियमों का विस्तृत विवरण विश्वविद्याल वेबसाइटः CUET (UG) Admissions 2023 लिंक से प्राप्त किया जा सकता है। महाविद्यालय में बी.ए. में सीटों की कुल संख्या : 1456 (1165+25% आर्थिक रूप से पिछड़े कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए आरक्षण को सम्मिलित करके)

बी. कॉम प्रथम वर्ष (स्ववित्तपोषित) में प्रवेश सी0यू0ई0टी0 की संयुक्त प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होगा। विस्तृत सूचना के लिए इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा उक्त वेबसाइट देखें। बी.कॉम में सीटों की कुल संख्या : 145 (116+25% आर्थिक रूप से पिछड़े कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए आरक्षण को सम्मिलित करके)

एम.ए. प्रथम सेमेस्टर (स्ववित्तपोषित) में प्रवेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा पी0जी0ए0टी0 2023 के माध्यम से होगा। इस संबंध में विश्वविद्यालय की उक्त वेबसाइट से जानकारी प्राप्त करें।

विषयवार सीटें: संस्कृत – 62, अर्थशास्त्र – 50, हिन्दी – 50, भूगोल – 50 (जिसमें 25% आरक्षण सम्मिलित है)

आरक्षण : अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य निर्धन वर्ग, दिव्यांग, विश्वविद्यालय कर्मचारी आश्रित, खेलकूद, एन.सी.सी., विस्थापित कश्मीरी आदि के संबंध में केन्द्र सरकार एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय के द्वारा निर्धारित नियम लागू होंगे।

कोटा: एस0सी0–15%, एस0 टी0–7.5%, ओ0बी0सी0–27%, ई0डब्ल्यू0एस0–10%, दिव्यांग(पी0एच0)–5%, खेलकूद–2%,

अधिभार/अधिलाभ: एन0सी0सी0 'बी0' सर्टिफिकेट–5%, एवं 'सी0' सर्टिफिकेट–10%,

नोट– दिव्यांग(पी0एच0) एवं खेलकूद कोटा के अभ्यर्थियों का प्रवेश उनके सामाजिक वर्ग की सीटों पर ही होगा।

प्रवेश की निर्धारित तिथि पर समस्त प्रपत्रों के साथ छात्रा के स्वयं उपस्थित न होने पर सीट

आरक्षित नहीं की जायेगी। वह सीट मेरिट के अनुसार अन्य अभ्यर्थी को दे दी जायेगी।

प्रवेश संबंधी सूचना स्थानीय समाचार पत्रों, महाविद्यालय की वेबसाइट तथा नोटिस बोर्ड के माध्यम से दी जाती है। छात्राओं को सलाह दी जाती है कि वे सतर्क रहें। किसी भी प्रकार से सूचना न मिल पाने का उत्तरदायित्व महाविद्यालय का नहीं होगा।

बी0ए0 II, III एव बी0काम0 II, III तथा एम0ए0 सेमेस्टर III की छात्राएँ अपनी पूर्व परीक्षा का पारणिाम घोषित होने के बाद महाविद्यालय के कार्यालय में शुल्क जमा कर शीघ्रातिशीघ्र अगली कक्षाओं में अपना नामांकन करा लें।

प्रवेश के समय छात्रा के लिए द्वारा एन्टीरैगिंग अन्डरटेकिंग (ऑनलाइन तथा ऑफलाइन) देना अनिवार्य है। आधार कार्ड की छायाप्रति भी देना अनिवार्य है।